



# मैंने सिंधी समाज के संस्कारों को करीब से देखा : डॉ. मिश्रा



**नवभारत न्यूज**

**दतिया 1 जून।** पूर्व गृह मंत्री एवं दतिया विधायक डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि उन्हें सिंधी समाज के बीच रहकर जीवन के संस्कार सीखने का अवसर मिला है। बचपन से उन्होंने सिंधी समाज की सेवा भावना, अनुशासन, परिश्रम और सामाजिक समर्पण को निकट से देखा है। यही कारण है कि सिंधी समाज आज पूरे देश में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। वे पूज्य सिंधु जनरल पंचायत एवं सर्व सिंधी समाज, दतिया द्वारा आयोजित स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। सिंधी समाज के अध्यक्ष धर्मदास भंवानी के नेतृत्व में आयोजित इस समारोह में समाज की ओर से डॉ. नरोत्तम मिश्रा का पुष्पहार, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों में भाजपा जिलाध्यक्ष रघुवीर कुशवाहा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रशांत ढेंगुला, पूज्य सिंधु जनरल पंचायत के संरक्षक मंडल सदस्य लक्ष्मण साहिवानी, रमेश चन्द्रानी, प्रेम टिलवानी, चंद्रप्रकाश मोहनानी, राजकुमार मोटवानी, उपाध्यक्ष महेश गुलवानी, लालचंद आडवाणी, गोवर्धन मोटवानी, रवि सुंदरानी, प्रदीप टिलवानी एवं गोविंद ज्ञानानी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया तथा आयोजन समिति द्वारा भगवान झूलेलाल का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने स्वागत उद्बोधन में धर्मदास भंवानी ने कहा कि सिंधी समाज की सबसे बड़ी शक्ति उसकी एकता और आपसी विश्वास है। उन्होंने कहा कि समाज डॉ. नरोत्तम मिश्रा के प्रति अपना सम्मान और विश्वास व्यक्त करता है तथा हर परिस्थिति में उनके साथ मजबूती से खड़ा रहेगा। भाजपा महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष किरण टिलवानी ने कहा कि सिंधी समाज सदैव सेवा, संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के साथ कार्य करता आया है। वहीं भाजपा नगर अध्यक्ष पुनीत टिलवानी ने समाज की एकजुटता एवं सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायी बताया। समारोह के दौरान समाज हित एवं जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले समाजसेवियों का सम्मान भी किया गया। जयराम दास तलरेजा, अशोक वध्या, कैलाश राजानी, नंदलाल राजानी, किप्पी गावड़ा, कमल हिरवानी, प्रदीप टिलवानी, हरभजन खालसा एवं रवि सुंदरानी को समाज सेवा के लिए सम्मानित किया गया। वहीं रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले क्रिश भंवानी सहित अन्य समाजबंधुओं को भी सम्मान प्रदान किया गया। अपने संबोधन में डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि कोरोना काल में सिंधी समाज ने सेवा और मानवता का जो परिचय दिया, वह अनुकरणीय है। जरूरतमंदों तक भोजन, राशन, दवाइयां और अन्य आवश्यक सामग्री पहुंचाकर समाज ने मानव सेवा का श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि सिंधी समाज जहां भी रहता है, वहां अपने संस्कारों, परिश्रम और सामाजिक सद्भाव से अलग पहचान बनाता है। कार्यक्रम का सफल संचालन दीपक भंवानी एवं निखिल पम्वानी द्वारा किया गया। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, समाजबंधुओं एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। समारोह में समाज की एकता, भाईचारे और आत्मीयता का विशेष वातावरण देखने को मिला।

## अनिवार्य रूप से लगाएं हेलमेट, सीट बेल्ट : भदौरिया



**नवभारत न्यूज**

**दतिया 1 जून।** पुलिस अधीक्षक दतिया मयूर खण्डेलवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दतिया सुनील कुमार शिवहरे के मार्गदर्शन में एसडीओपी भांडेर पूनमचंद यादव निर्देशन में थाना उनाव क्षेत्र के ग्राम नरगढ में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनसंवाद के दौरान उनाव थाना प्रभारी यतेंद्र सिंह भदौरिया द्वारा ग्रामीणों एवं आमजन से दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की समझाइश दी। इसके साथ ही वर्तमान समय में बढ़ रहे। साइबर अपराधों एवं ऑनलाइन ठगी से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया गया। आमजन को समझाइश दी गई कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाते, एटीएम, ओटीपी एवं अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें तथा किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज अथवा लिंक से सतर्क रहें। साइबर फ्रॉड होने की स्थिति में तत्काल पुलिस एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 पर सूचना देने की अपील भी की गई। कार्यक्रम में- उनाव थाना प्रभारी यतेंद्र सिंह भदौरिया, थाना उनाव पुलिस टीम एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# बसई पुलिस ने 800 ग्राम गांजे के साथ दो आरोपियो को किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**दतिया 1 जून।** पुलिस अधीक्षक दतिया मयूर खण्डेलवाल द्वारा अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत के निर्देशों के पालन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार शिवहरे वं एसडीओपी बडौनी विनायक शुक्ला के कुशल मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी नीरज कुमार बसई एवं उनकी टीम ने 2 आरोपियो से 800 ग्राम गांजा कीमती 8000 रू. को जप्त कर दो आरोपियो को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को 31 मई को मुखबिर की सूचना के आधार पर दो व्यक्ति जनकपुर रोड के किनारे बैठे दिखे जो अपने सामने रखे एक कपडे का थैला लिये बैठे हुए थे, पुलिस को देखकर हडबडाए और भागने का प्रयास करने लगे जिसको हमराही फोर्स की मदद से पकडा एवं नाम पता पूछा तो पहले ने अपना नाम अशोक पुत्र बहादुर आदिवासी नि. ग्राम जैतपुर व दूसरे ने अपना नाम वीरू पुत्र आशाराम प्रजापति नि. ग्राम जैतपुर के कब्जे से कुल 800 ग्राम गांजा कीमती 8000 रू. अवैध रूप से पाये जानें पर जप्त किया गया। थाना प्रभारी बसई द्वारा टीम बनाकर उक्त मुखबिर की सूचना से फोर्स को अवगत कराकर मौके पर जाकर दोनो आरोपियो अशोक पुत्र बहादुर आदिवासी नि. ग्राम जैतपुर व वीरू पुत्र आशाराम प्रजापति नि. ग्राम जैतपुर को गिरफ्तार कर अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त करने में महत्तवपूर्ण सफलता प्राप्त की गयी है। सराहनीय भूमिका - उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बसई उनि नीरज कुमार एवं उनकी टीम प्र.आर.ब्रजेंद्र सिंह ,प्रआर. विनोद सेंगर आर.प्रवेंद्र यादव,आर. अभिषेक गौतम, आर0 दीपेश भार्गव,आर.सुनील शौर्य,आर. छोटू सिंह, आर.अमित मिश्रा आर.लोकेंद्र यादव की अहम भूमिका रही।

# प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ किया पुलिस उप महानिरीक्षक ने

**नवभारत न्यूज**

**दतिया 1 जून।** वर्ष 2028 में उज्जैन में आयोजित होने वाले विश्व प्रसिद्ध सिंहस्थ महापर्व के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश से प्राप्त कार्यक्रम अनुसार दतिया पुलिस द्वारा पुलिस लाइन स्थित यातायात पार्क में पुलिस बल की विभिन्न शाखाओं (जिला पुलिस बल, वि स बल, होमगार्ड, रेडियो एवं विशेष शाखा) के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए 6 दिवसीय 1 से 6 जून तक विशेष प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पुलिस उप महानिरीक्षक सुनील कुमार जैन और दतिया पुलिस अधीक्षक मयूर खण्डेलवाल द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।



इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि, सिंहस्थ महापर्व में देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु, संत-महात्मा एवं पर्यटक सम्मिलित होते हैं। ऐसे विशाल धार्मिक आयोजन में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण तथा श्रद्धालुओं की सहायता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने में पुलिस बल की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। सिंहस्थ ड्यूटी के दौरान पुलिस का व्यवहार अत्यंत संवेदनशील, संयमित एवं जनहितैषी होना चाहिए। उन्होंने समझाइस दी कि बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों के साथ शालीनता एवं सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाए तथा श्रद्धालुओं की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनकर उनका निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ जैसे विशाल धार्मिक आयोजन में पुलिसकर्मियों का धैर्य, सेवा भाव एवं श्रद्धाभाव ही उनकी सबसे बड़ी पहचान होगी और यही श्रद्धालुओं के मन में पुलिस की सकारात्मक छवि स्थापित करेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पुलिस बल को यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, आवासीय व्यवस्था, आपदा प्रतिक्रिया, संचार समन्वय तथा सॉफ्ट स्किल्स सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षित किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत दतिया जिले के शत-प्रतिशत पुलिस बल को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम कुल 20 सत्र में संपन्न होगा। प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ अवसर पर एसडीओपी दतिया आकांक्षा जैन, रक्षित निरीक्षक सौरभ तिवारी, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक धीरेन्द्र मिश्रा, सूबेदार अजय वर्मा सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रविदत्त त्रिपाठी 39 वर्ष शासकीय सेवाएं देने के उपरांत सेवानिवृत्त



**नवभारत न्यूज**

**दतिया 1 जून।** रविवार 31 मई को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में रवि दत्त त्रिपाठी सहायक ग्रेड 1 की सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीपीआई भोपाल केके द्विवेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता डीईओ सुनील शुक्ला ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जेडी ग्वालियर अरविंद सिंह, पूर्व डीईओ यू एन मिश्रा, पूर्व डीईओ यू एस खरे, पूर्व डीईओ के जी शुक्ला, सनत पुरोहित ,सुदामा गुप्ता पूर्व प्रभारी डीईओ , कविता त्रिपाठी मंचासीन रहे। शिक्षा विभाग में 39 वर्ष सफलता पूर्वक शासकीय सेवाएं देने के उपरांत 31 मई को सेवानिवृत्त हुए सहायक वर्ग-1 रविदत्त त्रिपाठी के सम्मान में जिला शिक्षा कार्यालय में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित प्रबुद्ध एवं आत्मीय जनों को संबोधित कर श्री त्रिपाठी ने कहा कि एहसान तुम्हारा मेरे दिल पर हैं दोस्तों, ये दिल तुम्हारे प्यार का मारा हैं दोस्तों उन्होंने सेवाकाल के दौरान सभी से मिले सहयोग और स्नेह के लिए हृदय से आभार प्रकट किया। कार्यक्रम को संबोधित कर अतिथियों एवं सह कर्मियों ने रविदत्त त्रिपाठी के कार्यशैली एवं वरिष्ठों और कनिष्ठों से मधुर व्योहार की मुक्तकंठ से सराहना की। इस अवसर पर जिला शिक्षा विभाग कार्यालय द्वारा रविदत्त त्रिपाठी को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में रविदत्त त्रिपाठी के परिजन राजेश पाठक, मनोजदत्त त्रिपाठी, देशबंधु त्रिपाठी, संदीप पुरोहित, राजा श्रीवास्तव, मनीष शर्मा, बलराम शर्मा, पुरुषोत्तम पाठक, संतोष दुबे, श्रीमती कल्पना तिवारी, रामेश्वर चौबे, कुंज बिहारी गोस्वामी, जितेंद्र तोमर, सनत पुरोहित सेवानिवृत्त कनोल डिप्टी कलेक्टर सिंचाई विभाग सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, शासकीय एवं निजी विद्यालयों के प्राचार्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# संगीतमय भागवत कथा का समापन

**नवभारत न्यूज**

**बसई 1 जून।** बरधुवा में हनुमान जी मंदिर टोरिया परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का रविवार को समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंचे। इस दौरान भक्तों ने कथा श्रवण किया और भक्तिमय माहौल में लीन रहे। अंतिम दिन कथावाचक पं.श्री हरीराम शास्त्री ने श्रद्धालुओं को भागवत कथा का सार समझाते हुए उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाला मार्गदर्शक है। शास्त्री ने कहा कि यह कथा सत्य, सेवा, भक्ति और संस्कारों से जुड़ने की प्रेरणा देती है।

इस दौरान उन्होंने बताया कि सुदामा की मित्रता की कथा के साथ विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया गया, जिससे श्रद्धालु भावविभोर हुए। आयोजन स्थल पर पूरे समय भक्तिमय वातावरण बना रहा। भजनों



और जयकारों से पूरा माहौल गूंजता रहा। इसमें महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों सहित सभी आयु वर्ग के लोगों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। इस बीच मुख्य यजमान अपरवल कुशवाहा, अमरसिंह कुशवाहा, भानसिंह कुशवाह, गणेशीलाल कुशवाहा के साथ,पं प्रदीप तिवारी ,दशरथ नन्ना,कैलाश पाठक, रामनिवास भार्गव,सूरज सिंह राजपूत,बृजेश लोधी ,संतोष राजपूत आदि समस्त श्रृदालू मौजूद रहे।

# जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की तिमाही बैठक

**नवभारत न्यूज**

**दतिया 1 जून।** कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखड़े की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की तिमाही बैठक का आयोजन आज सोमवार को न्यू कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य, श्रम सहित सभी संबंधित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अरविन्द उपाध्याय द्वारा बैठक के एजेन्डा बिन्दुओं के बारे में पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी गई।

बैठक में चाइल्ड लाइन 1098 में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की गई जिसमे जिले के चाइल्ड लाइन कंट्रोल रूम को प्राप्त 375 प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर द्वारा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पॉन्सरशिप योजना की समीक्षा करते हुये कहा कि पात्र बच्चों का चिन्हांकन करते समय सावधानी रखें तथा जोखिम ग्रस्त परिस्थितियों में रहने वाले एवं अत्यधिक अभावग्रस्त बच्चों का ही चयन करें। जिले में बाल विवाह की रोकथाम हेतु सभी गठित दल एवं समस्त विभागों को बाल विवाह रोकने हेतु निर्देश दिए गए। विगत महिनों में रोके गए बाल विवाह प्रकरणों की समीक्षा

**कलेक्टर वानखड़े ने की अध्यक्षता**

की गई। बैठक में रिश्तेदार द्वारा गोद लेने के संबंध में चर्चा करते हुये कहा कि बच्चों की गोद लेने की प्रक्रिया सदैव ही केन्द्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के माध्यम से ही करना चाहिये जिससे भविष्य में बच्चे को जैविक बच्चे के समान ही सभी कानूनी अधिकार, संपत्ति का अधिकार प्राप्त हो सकेगा। अन्यथा किसी अप्रत्याशित घटना की स्थिति में वह बच्चा सिर्फरिश्तेदार बनके रह जायेगा। दत्तक ग्रहण के संबंध में चर्चा करते हुये उन्होंने कहा कि दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया की जानकारी जन सामान्य तक प्रसारित की जाये जिससे अवैध दत्तक ग्रहण को हतोत्साहित किया जाकर बच्चों का वैध दत्तक ग्रहण हो सके जिससे बच्चों को उनके विधिक अधिकार प्राप्त हों।

कलेक्टर श्री वानखड़े द्वारा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि यदि आपके संज्ञान में ऐसी कोई महिला या बालक आता है जो घरेलू हिंसा या किसी प्रकार की हिंसा से पीड़ित है तो उस महिला या बालक को सुरक्षा प्रदान करने हेतु पुलिस को अवगत करने के अलावा उसको वन स्टॉप सेन्टर पर भी भेज सकते है या महिला हेल्प लाईन नंबर 181 पर सूचना देकर वन स्टाप सेन्टर भेजा जा सकता है। जहां उसको पुलिस सहायता, चिकित्सा सहायता, परामर्श, विधिक सहायता, त्वरित रूप से आश्रय प्रदान किया जा सकता है।

# पं. श्री नारायण लाल भट्ट स्मृति अखिल भारतीय संगीत समारोह आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**दतिया 1 जून।** बनारस घराने के उत्तराधिकारी कलाकार डा ऋषि मिश्रा ने अपनी अंतिम प्रस्तुति वनारस घराने की कजरी ज्यों ही प्रस्तुत की तब आसमान से मेघ की बूंदे गिरने लगी दर्शकों ने मंच छोड़कर आसमान की ओर निहारा। समय था सुप्रसिद्ध संगीतकार पं. नारायण लाल भट्ट की स्मृति में आयोजित अखिल भारतीय संगीत समारोह। जिसका आयोजन गत दिवस 31 मई को श्री अवध बिहारी मंदिर के प्रांगण में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। डॉ ऋषि मिश्रा प्रमुख रूप से इस आयोजन के आकर्षित व्यक्तित्व के रूप में आमंत्रित थे। उन्होंने शास्त्रीय संगीत की अपनी घराना की शानदार प्रस्तुतियां की।





## कला साहित्य साधकों को मिला सम्मान

सम्मान समारोह के क्रम में सर्वप्रथम दतिया के सुप्रसिद्ध तबला वादक श्री हितेश मिश्र को च्पंडित नारायण लाल भट्ट रत्न सम्मानज्ज से सम्मानित किया गया। सम्मान पत्र का वाचन ऋषिराज मिश्रा द्वारा किया गया। इसके पश्चात बनारस से पधारे विख्यात शास्त्रीय गायक डॉ. ऋषि मिश्रा का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। उनके सम्मान पत्र का वाचन कार्यक्रम संयोजक विनोद मिश्र ने किया।

इस दौरान कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती जी एवं नारायण लाल भट्ट के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। सरस्वती वंदना कु आकांक्षा भोड़ेले, बीपी सेन , सूरज ने प्रस्तुत की तत पश्चात भारतीय संस्कृति की अतिथि देवो भव: परंपरा के अनुरूप अतिथियों के सत्कार एवं सम्मान के साथ किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सेवढ़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल का माल्यार्पण कर स्वागत संजय भट्ट ,डॉ हर्ष भट्ट द्वारा किया गया।

समारोह में साहित्य, संस्कृति एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. राज नारायण बौहरे को च्नारायण लाल भट्ट साहित्य मणि सम्मानज्ज प्रदान किया गया। यह सम्मान मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि दतिया सांस्कृति पहलवानी और साहित्य की नगरी हैं जहां पंडित नारायण लाल भट्ट जैसे मूर्धन्य विद्वानों ने अपना साधना से कला को संरक्षित किया हैं अध्यक्ष पंकज शुक्ल ने दतिया की संगीत परम्परा पर प्रभावी विचार रखे। इस अवसर पर दतिया स्टेट का वर्तमान उत्तराधिकारी महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे। दर्शकों ने लिया बनारसी गायिकी का आनंद कार्यक्रम की शुरुआत विराज तोमर दतिया के कथक नृत्य की प्रस्तुति से हुई । डॉ ऋषि मिश्र ने बड़े ख्याल से एकताल में निबद्ध की उसके बाद छोटा ख्याल, चेती, ठुमरी, कजरी और अंत में अपना लोकप्रिय भजन जननी मैं न जीयु बिन राम गाया कजरी ठुमरी पर जहां श्रोता झूम उठे तो वही भजन में भावविभोर हो गए। कार्यक्रम का सफल एवं प्रभावशाली संचालन पं. नारायण लाल भट्ट स्मृति आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश लिटोरिया ने किया। समारोह में उपस्थित संगीत प्रेमियों एवं गणमान्य नागरिकों ने कलाकारों की प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद लिया तथा पं. नारायण लाल भट्ट जी के संगीत योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया।

## आम सूचना

श्री निकिल पुत्र श्री कल्लू सेन के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम दतियागिर्द, तहसील दतिया नगर व जिला दतिया (म.प्र.) है जो नगर पालिका परिषद दतिया वार्ड क्र.01 में स्थित है जो भूमि 649/1, 649/2, 650/1/1, 650/1/2, 650/2, 652/1/1/2, 653/1/1/2, 655/1/1/2/1 एवं 655/2/1 ग्राम दतियागिर्द का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :-पूर्व में- भूखण्ड दीगर, पश्चिम में-भूखण्ड किरन, उत्तर में-रास्ता एवं दक्षिण में-मंदिर है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्रीमती मेवा देवी पत्नी श्री विनोद कुमार एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्रीमती मेवा केवट द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती चंपा साहू पत्नी श्री कैलाश साहू को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी09592019 ए1821361 दिनांक 05.12.2019 से विक्रय की गई। श्रीमती चंपा साहू द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री निकिल पुत्र श्री कल्लू सेन को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी22आईजीआर 17182026ए100069166 दिनांक 20.01.2026 से विक्रय की गई। श्री निकिल द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान टायगर होम फायनेन्स प्राइवेट लिमिटेड, दतिया के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो ।

प्रेषक
**नीरज जैन,** एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

# सहकारिता भर्ती प्रक्रिया को लेकर लगाये गंभीर आरोप, कर्मचारियों ने निष्पक्ष जांच की उठाई मांग

**नवभारत न्यूज**

**दतिया 1 जून।** जिला सहकारी बैंक के अंतर्गत कार्यरत सहकारिता समिति कर्मचारियों ने सहायक समिति प्रबंधक से समिति प्रबंधक पद पर पदोन्नति संबंधी भर्ती प्रक्रिया को लेकर मोर्चा खोल दिया है। कर्मचारियों ने भर्ती प्रक्रिया में भेदभाव, मनमानी और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच एवं पारदर्शी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में रविवार को स्थानीय परशुराम मंदिर परिसर में सहकारिता समिति कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए। कर्मचारियों का कहना है कि वर्ष 2022 के सेवा नियमों के तहत सहायक समिति प्रबंधकों को पदोन्नति देकर समिति प्रबंधक बनाए जाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी, लेकिन दतिया जिले में यह प्रक्रिया अब तक पूर्ण नहीं हो सकी है।

उनका कहना है कि भर्ती प्रक्रिया में पुराने नियमों और वर्ष 2010 की कार्यवाही (प्रोसीडिंग) को आधार बनाकर कर्मचारियों की पात्रता तय की जा रही है, जिससे वर्ष 2010 के बाद नियुक्त हुए अनेक कर्मचारी पदोन्नति से वंचित हो रहे हैं।बैठक में कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि जिले में एक सैकड़ा से अधिक सहायक समिति प्रबंधक और समिति कर्मचारी इस प्रक्रिया से प्रभावित हैं। कई कर्मचारी 10 से 20 वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें पदोन्नति का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कुछ कर्मचारी सेवानिवृत्ति के करीब पहुंच चुके हैं, जबकि कई के पास अभी वर्षों की सेवा शेष है। कर्मचारियों ने जिला सहकारी बैंक से जुड़े अधिकारियों भानु खरे, नरोत्तम लाक्षाकार तथा सहकारिता आयुक्त (एआरसीएस) अखिलेश शुक्ला पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भर्ती प्रक्रिया में मनमाने तरीके से नियम लागू किए जा रहे हैं। उनका दावा है कि कुछ पात्र कर्मचारियों की सेवाएं शून्य घोषित कर दी गईं, जिससे उनके सामने रोजगार और आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। बैठक में मौजूद कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव है और कुछ लोगों को विशेष लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराए जाने, पदोन्नति प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने तथा संबंधित अधिकारियों के स्थानांतरण की मांग की। कर्मचारियों ने जिला प्रशासन, सहकारिता मंत्री एवं मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की अपील की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो वे न्यायालय की शरण लेने सहित व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। कर्मचारियों का कहना है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी संचालन के लिए भर्ती प्रक्रिया का समयबद्ध और निष्पक्ष निष्पादन आवश्यक है। बैठक की अध्यक्षता सहकारिता समिति कर्मचारी संघजिलाध्यक्ष जसवंत परिहार ने की। इस दौरान बैठक में जिला अध्यक्ष जसवंत सिंह परिहार, रामकुमार दांगी बाबूजी, पूर्व जिला अध्यक्ष संजू शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, कन्हैयालाल सुवरिया, कन्हैयालाल पटेल, नीरज यादव, प्रमोद कमरिया, सुरेश यादव, अवधेश दांगी, पुष्पेन्द्र सिंह दांगी, पवन पाठक, सतीश श्रीवास्तव, रामजी दांगी, सुरेंद्र शर्मा, नारायण सिंह रावत, हरिमोहन रावत, सुधीर यादव आदि सहकारिता कर्मचारी मौजूद रहे।